# Petronet LNG Limited

**Regd. Office:** World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi – 110001
**Phone:** 011-23411411, **Fax:** 011- 23472550, **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.in, **Company's website:** www.petronetlng.in
PAN: AACP8148D GST: 07AAACP8148D1ZI

ND/PLL/SECTT/REG. 30/2022

3rd March, 2022

The Manager
BSE Limited
Phiroze Jeejee bhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400 001

The Manager
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra East, Mumbai – 400 051

**Sub: Intimation under Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 – Newspaper Advertisement regarding Notice of Postal Ballot, cut-off date, e-voting and other details relating to Postal Ballot**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper clipping with respect to information regarding Notice of Postal Ballot, cut-off date, e-voting and other details relating to Postal Ballot being conducted by Petronet LNG Limited, published in Business Standard (English) and Business Standard (Hindi) on 3rd March, 2022.

This is for information and records please.

Thanking you,

Yours faithfully

**(Rajan Kapur)**
**CGM & VP-Company Secretary**

**Encl: as above**

FALLOUT OF UKRAINE CRISIS

# Payments stopped, Russian firms pressure Indian banks

## Banks await RBI, govt's advisory on transactions with Russian companies

MANOJIT SAHA
Mumbai, 2 March

Financial transactions between India and Russia have come to a grinding halt after Indian banks stopped remitting funds to firms for their exports even as Russian companies put pressure on the lenders.

Most of the payments to Russian companies that are due are for defence-related items. Indian banks are forced to stop sending funds to Russian exporters after the European Union and the US and other western partners cut off Russia from the SWIFT system.

SWIFT (Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication) is an instant messaging system that informs users when payments have been sent and received. Created in 1973 and based in Belgium, Swift links 11,000 banks and institutions in more than 200 countries. Five Russian banks are facing the ban, which includes state-backed Sberbank and VTB — that make up around half of Russia's banking assets. Both have branch presence in India.

"There is pressure from Russian companies for payment. But the US decided to block many Russian banks' access to the SWIFT, so if we make payment from here in US dollar, it will not go through as the US will block any payments to Russia," said a senior official from a large bank adding that most of the payments that are due are for defence-related imports into India.

Bankers said payment made by one of the public sector banks to a Russian firm on Monday was returned by the US.

According to bankers, volumes of payments typically increase in March before the closing of accounts. "This year is no exception. As we are in March, these companies are asking for payment. Most of the payments are for defence-related items. The amount would be substantial," the official added.

Bankers said they are awaiting direction from the Reserve Bank of India on how to deal with Russian banks and firms. While banks have been asked by the regulator to furnish details of their exposure to Russia and Ukraine, there has been no communication from them so far since the sanctions were imposed on Russia in the last few days.

Bankers said the only way to resolve the deadlock is to open bilateral trade in rupee-rouble. The rupee-rouble trade needs to be revived, they said.

Bilateral trade between Russia and India stood at $9.4 billion so far in this fiscal year, as compared to $8.1 billion in 2020-21. Russia's exports to India are mainly oil, fertiliser, and rough diamonds while India's exports to Russia are pharmaceutical products, tea, and coffee.

There have been examples from the past on how India dealt with such western sanctions on its trade partners. In the aftermath of sanctions on Iran due to its nuclear programme in 2012, UCO Bank was designated by the India's government as the payment bank for Iranian oil.

Kolkata-based UCO Bank was chosen because it did not have a foreign branch unlike many other big Indian banks like State Bank of India and Bank of Baroda, which made it less vulnerable to any repercussions from its involvement in the oil trade, processed in euros and rupees to avoid exposure to the US banking system.

Bankers said in the current situation at UCO or any other bank which does not have a foreign presence can be designated for the purpose of making payments. Bankers said risks are much lesser if such a bank invites US or western sanction.

Interestingly, Russian Ambassador-designate Denis Alipov on Wednesday said he does not see any hurdle in the supply of the S-400 missile systems to India because of the Western sanctions against Russia following their Ukraine invasion.

Clearly, Russia sees no reason for their trading relations with India to be disrupted because of the Western sanctions.

## SBI's exposure to Russia, Ukraine less than $10 mn

ABHIJIT LELE & REUTERS
Mumbai, 2 March

State Bank of India's (SBI's) exposure to Russia, which is facing sanctions following invasion of Ukraine, is less than $10 million. Banks will get 10 days to complete the processing of payments already in the system to avoid near-term problems for businesses and trade.

While getting clarity for the entire system exposure remains a work in progress, the bank (SBI) has small transaction exposure (less than $10 million), said senior bank executive. Following sanctions imposed on the transactions with Russian entities, the Reserve Bank of India (RBI) moved in to find a way for stuck payments. It is collecting information from all banks on the nature of exposure. Based on feedback, the banking regulator will come out with an action plan, said senior bankers. According to news agency *Reuters*, the European Union is excluding seven Russian banks from the Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication (SWIFT) messaging system that underpins global transactions as part of its sanctions over Russia's invasion of Ukraine.

**BANKS WILL GET 10 DAYS TO COMPLETE THE PROCESSING OF PAYMENTS TO AVOID NEAR-TERM PROBLEMS FOR BUSINESSES**

The banks will be given 10 days to wind-down their SWIFT operations. Generally, payments in the pipeline are exempt from sanctions, but no new one can be put into the system. Such relaxation was given when strict measures were imposed on Iran as well, said a senior public sector bank (PSB) executive.

The government and the RBI are working on steps to have a mechanism for payments to continue for trade and business. Exploring the use of the rupee-rouble arrangement is part of those efforts.

A senior PSB executive said while structuring the bilateral payment mechanism, the country will have to look at a sharp fall in the value of the rouble in the last few weeks.

FROM PAGE 1

## Stocks slip...

US stock indices, however, rose on Wednesday after a bruising start to the week, as Federal Reserve Chair Jerome Powell signalled the central bank would start raising rates this month despite uncertainties stemming from the Ukraine crisis. Powell reiterated the core Fed narrative that high inflation and an "extremely tight" labour market warrant higher interest rates, according to *Reuters*.

"Markets were expecting Russia to take over Kyiv within a week. But the war is getting longer, and prices are going up. More companies are cutting ties with Russia. One is not sure what kind of impact all of this will have on earnings," said Andrew Holland, CEO, Avendus Capital Alternate Strategies.

Brent crude oil prices touched an intra-day high of $121.89 per barrel, the highest since April 2012, before paring some gains.

Analysts said crude oil prices threatened to fuel inflation, widen the current account deficit, drive up bond yields and interest rates in India and, thus, impact macroeconomic stability.

## Grover...

However, as he resigned without the approval of the board and majority investors, consequences under the shareholder agreement have now been triggered.

According to sources, the consequences based on the company's various agreements might have the board buy back shares from a founder — at a value lower than its fair market value — if there is a 'cause' event.

Sources say that gross negligence or wilful misconduct by a founder, as determined by a Big Four firm, which does not have any relation to the company, allows the board through a simple majority to take a decision on such a 'cause' event, based on the report shared by the appointed Big Four firm after following the principles of natural justice, as incorporated in the agreements.

Also if the founder resigns without the approval of the board, the agreements, say sources, permit the board with the consent of a majority investors to acquire the founders' 'restricted shares' at a value lower than the fair market value. Also, with his resignation, all rights and obligations of the founder under the articles of association shall rescind or cease to apply.

Grover resigned as MD and the company's board director on Monday. The company later said Grover tendered his resignation within minutes after the agenda for the board meeting on the PwC audit report was distributed.

Although the board meeting happened on Tuesday night, the company has not disclosed the decisions taken — and whether a first information report will be filed based on the audit report.

After the company's public allegations of financial misconduct on Wednesday, Grover said: "I am appalled at the personal nature of the company's statement, but not surprised. It comes from a position of personal hatred and low thinking."

"I would also like to learn who, among Cyril Amarchand Mangaldas, PwC, and Alvarez & Marsal, has started doing audits on the 'lavishness' of one's lifestyle? The only thing lavish about me is my dreams and ability to achieve them against all odds through hard work..," he added.

## Farmers...

Companies that want to lower their carbon footprint, such as fertiliser manufacturers or airlines, but are finding it difficult to do so because of the nature of their business, can step in by directly purchasing credits from farmers, using the platform and its high-end technology.

"It is a win-win situation for both farmer and company in multiple ways. First, farmers are paid for adopting healthy agricultural practices that reduce carbon emission. They also benefit the soil, environment, and also their own surroundings while at the same time companies meet their targeted emission norms," A K Singh, director of the IARI, told *Business Standard*.

Gradually when the marketplace develops, a farmer can voluntarily register himself on the platform and there will be ways and means jointly developed by the company and the IARI, such as satellite monitoring of paddy fields, to ensure that the commitment made by the farmer on reducing his carbon footprint is adhered to.

## Rupee-rouble...

With western nations deciding to block many Russian banks from accessing the Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication (SWIFT) — the messaging network used by financial institutions — following Russia's invasion of Ukraine, exporters fear that payments worth about $400 million may get stuck.

Earlier this week, officials from the commerce ministry had discussions with exporters to understand their concerns.

Many buyers have expressed their inability to make payment in any foreign currency or from a third-party or country, and they have shown willingness to make payment in the rouble. The government is examining the possibility, one of the officials said. The RBI is also likely to come up with a plan soon, and has collected information from Indian banks.

Similar to what happened in 2014, a bank that does not have much exposure to the US is likely to be selected, another official said.

*More on business-standard.com*

## BS SUDOKU # 3604

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 7 | | 1 | | |
| | 3 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 5 | | 9 |
| | | 2 | | | | | | 3 |
| | | 7 | | 1 | | | 4 | |
| 5 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 1 | 6 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | | | | | |
| | 2 | | | 4 | | | | 8 |

SOLUTION TO #3603

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 |

**Hard**
★★★★
**Solution tomorrow**

**HOW TO PLAY**

Fill in the grid so that every row, every column and every 3x3 box contains the digits 1 to 9

Hindustan Steelworks Construction Limited
A Subsidiary of NBCC (India) Limited
Nirman Bhawan, Bhilai-490001
Distt. Durg (C.G.).

EXPRESSION OF INTEREST

No. HSCL/BH/TC/201/EOI/OT(365)/2022/e-104

Online Expression of Interest is invited for "**Pre-Qualification/Enlistment of Contractors for execution of works involving intensive equipments for Removal/Handling & transportation of Plant waste materials such as slush/muck/debris/slag/ash/handling of steel plant product for an Integrated Steel Plant" for Gr-I up to Rs. 5 Cr. Gr-II up to Rs. 10 Cr. and Gr-III up to Rs. 25 Cr.** EOI documents/Corrigendum (if any) etc. are available at **http://eprocure.gov.in/eprocure/app.** Last date of online submission : **16.03.2022.**

Advt. No.: 2021-22/223 Zonal Head/Bhilai

CIN No. U27310WB1964 GOI026118
Website: www.hsclindia.in

यूको बैंक UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
Head Office – II, Department of Information Technology
3 & 4, DD Block, Sector – 1, Salt Lake, Kolkata–700064

NOTICE INVITING TENDER

UCO Bank invites Request for Proposals (RFPs) for the following:
1. Procurement of Debt Platform for End-to-End Handling of Pool Account.
2. Selection of Application Service Provider (ASP) for e-Procurement and e-Reverse / e-Forward Bidding Solution.
3. Supply, Installation and Maintenance of UPS Systems Under Rate Contract.
4. Supply, Installation & Maintenance of Desktop PCs & Laptops under Rate Contract.
5. Implementation of Centralized KYC (CKYC) Registry Application including required software & Facility Management Services.

For any details, please refer to **https://www.ucobank.com**.

Date: 03.03.2022 Deputy General Manager DIT, BPR & BTD

सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

Petronet LNG Limited

**Regd. Office:** World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi – 110001, **Phone:** 011-23411411, **Fax:** 011- 23472550, CIN: L74899DL1998PLC093073, Email: investors@petronetlng.in, Company's website: www.petronetlng.in
**PAN:** AAACP8148D **GST:** 07AAACP8148D1ZI

Notice of Postal Ballot

Notice is hereby given that the Company is seeking approval of its Members for the appointment of Directors as detailed in the Notice of Postal Ballot.

Detailed Postal Ballot Notice, together with Explanatory statement and instructions for e-voting are available on the Company's website **www.petronetlng.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **https://www.bseindia.com/** and National Stock Exchange of India Limited at **https://www.nseindia.com/** and on the website of e-voting agency i.e. Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at **www.evotingindia.com**.

The Postal Ballot shall be in accordance with Section 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ('Act'), read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ('Rules') and Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Due to the outbreak of Covid-19 pandemic, the Ministry of Corporate Affairs, through General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 8, 2021 and other relevant circulars and notifications issued by the Ministry of Corporate Affairs (hereinafter collectively referred to as 'the MCA Circulars') has permitted companies to conduct the postal ballot by sending the notice in electronic form only.

Members who have not registered their e-mail address are requested to get their e-mail registered with the concerned Depository, in case of shares held in dematerialized mode or with Registrar and Share Transfer Agent of the Company ("RTA"), Bigshare Services Private Limited in case of shares held in physical mode. Post successful registration of the e-mail, Members may request to get postal ballot notice and the procedure for E-voting to enable voting for this Postal Ballot by sending an email to **investor@bigshareonline.com**.

The postal ballot notice and the e-voting instructions along with the user ID and password has been sent by email to those Members whose email addresses are registered with the Company/ RTA/ concerned Depository Participants and whose names appear in the Register of Members/ List of Beneficial Owners as on February 25th, 2022 (the "Cut-off date"). The email process has been completed on February 28th, 2022.

The Company has engaged the services of CDSL to provide remote e-voting facility to its Members. The remote e-voting period shall commence from 9:00 a.m. (IST) on Friday, March 4th, 2022 and shall end at 5:00 p.m. (IST) on Saturday, April 2nd, 2022. The e-voting module shall be disabled by CDSL thereafter. Voting rights of Members shall be in proportion to the shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on cut-off date i.e. February 25th, 2022. Communication of assent or dissent of the Members would take place only through the remote e-voting system. Only those Members whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date will be entitled to cast their votes by remote e-voting. Once the vote is cast by the Member, he/she shall not be allowed to change it subsequently.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager (CDSL), Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or call on 022-23058542/43.

The Board of Directors of the Company has appointed M/s Agarwal S. & Associates, Practising Company Secretaries, Delhi (C.P. No. 5910 and Firm Reg. No.: P2003DE049100) as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot process.

The result of the voting by Postal Ballot will be announced on or before Tuesday, April 5th, 2022 and shall be available on the Company's website at **www.petronetlng.in**, on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **https://www.bseindia.com/** and National Stock Exchange of India Limited at **https://www.nseindia.com/**, on the website of CDSL at **www.evotingindia.com** and on the Notice board at the Registered office of the Company.

General appeal to Members

- We solicit your valuable cooperation and support in our endeavour to contribute our bit to the environment. We appeal to members to register/update their email addresses with their Depository Participant (DP) (if shares are held in electronic mode) or RTA/Company (if shares are held in physical mode) for receiving communications from the Company.
- It is requested that members should avail the National Automated Clearing House (NACH) facility i.e. direct credit of dividend amount in their bank account by updating bank details with their Depository Participant (DP) (if shares are held in electronic mode) or RTA/Company (if shares are held in physical mode).
- Pursuant to NSE circular no. NSE/CML/2018/38 dated December 03, 2018 and BSE vide Circular No. LIST/COMP/31/2018-19 dated December 03, 2018 (made effective from April 1, 2019) RTA and the Company will not accept any request for transfer of shares in physical form. Further, pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2022/8 dated January 25, 2022, the listed companies shall henceforth issue the securities in dematerialized form only while processing service requests for issue of duplicate securities certificate, claim from Unclaimed Suspense Account, renewal / exchange of securities certificate, endorsement, sub-division/splitting of securities certificate, consolidation of securities certificates/folios, transmission and transposition purposes. Accordingly, Members holding shares in physical form are requested to get their holdings converted into dematerialised mode.
- Members holding shares in physical mode are requested to note that Securities and Exchange Board of India vide circular no. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 dated November 3, 2021 has mandated to update PAN, KYC details containing address, mobile number, e-mail address, bank account details and nomination details with the Company/RTA. Members holding shares in physical mode, who have not registered their above particulars, are requested to register the same with the Company/RTA at the earliest.

By order of the Board
For Petronet LNG Limited
Sd/-
(Rajan Kapur)
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 1st March, 2022




Business Standard
Insight Out
To book your copy, call **022 4027 5432** or SMS **reachbs** to **57575** or email us at **order@bsmail.in**
bsindia bsindia
www.business-standard.com

बीएस बातचीत

# इस समय जिंस पर दांव सबसे अच्छा

रूस और यूक्रेन के बीच टकराव की पृष्ठभूमि में पिछले कुछ कारोबारी सत्रों के दौरान बाजारों में खासा उतारचढ़ाव देखने को मिला है। इस तरह के घटनाक्रम से तेल समेत ज्यादातर जिंसों के भाव बढ़े हैं और ब्रेंट 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। रोजर्स होल्डिंग्स के चेयरमैन **जिम रोजर्स** ने **पुनीत वाधवा** को दिए साक्षात्कार में कहा कि निवेशकों को वैसी परिसंपत्ति खरीदनी चाहिए, जिसके बारे मे वे जानते हों और उसका स्वामित्व हासिल करने में सहज महसूस करे। बातचीत के मुख्य अंश...



**हालिया भूराजनीतिक परिस्थितियों को और बाजार ने जिस तरह की प्रतिक्रिया जताई है उसे आप कैसे देखते हैं?**
ऐसा देखा गया है कि बाजारों को युद्ध पसंद नहीं है। युद्ध तब शुरू हुआ जब बाजार मजबूत थे और महंगे भी। महंगाई में तेजी आई है और ब्याज दरें भी बढ़त की राह पर है। इन वजहों से बाजार में गिरावट आई। मुझे लगता है कि भूराजनीतिक स्थिति जल्द ही ठीक हो जाएगी और ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी शायद नहीं होगी। इसके परिणामस्वरूप बाजारों में इस साल के दूसरे हिस्से में तेजी आएगी, जो उनकी तेजी का आखिरी दौर हो सकता है।

**आप मौजूदा स्तर से कितनी गिरावट की संभावना देख रहे हैं?**
इस तरह की घबराहट वाली स्थिति का सामान्य तौर पर मतलब यह है कि निचला स्तर करीब है। मुझे लगता है कि अगले कुछ दिनों में बाजार निचला स्तर छोड़ देगा और फिर काफी तेजी देखने को मिलेगी।

**अनिश्चित समय में निवेशकों को क्या करना चाहिए?**
लोगों को उनमें निवेश करना चाहिए, जिनकी उन्हें थोड़ी बहुत जानकारी हो। वहीं निवेश बनाए रखें जहां आप सहज महसूस करते हों। मेरे पास चांदी और कृषि जिंस व शेयर हैं और मैं और खरीद सकता हूं। आप जिस परिसंपत्ति वर्ग में निवेश करना चाहते हैं अगर उसकी जानकारी नहीं है तो उससे दूर रहना ही बेहतर होगा।

**मौजूदा स्थिति के नियंत्रण में आने तक क्या वैश्विक केंद्रीय बैंक आगे आएंगे और रकम झोंकेंगे?**
राष्ट्रपति पुतिन केंद्र में हैं और बाजार उनके कदमों पर प्रतिक्रिया जता रहे हैं। मैं यही कह सकता हूं कि उनके लिए स्थितियां बेहतर नहीं होने जा रही। अगर दुनिया पुतिन को इस स्थिति से बाहर निकालने का रास्ता तलाश लेता है तो सिस्टम में काफी रकम निवेशित होने की प्रतीक्षा में है। शांति, नकदी और केंद्रीय बैंकों की तरफ से ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी न होने से बाजारों मे तेजी आ सकती है। वैश्विक केंद्रीय बैंक अभी ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी नहीं करेंगे क्योंकि वे डरे हुए हैं। महंगाई और बढ़ेगी और इससे बचने का रास्ता नहीं है। अगर आप इसके मुताबिक निवेश करते हैं तो आप कमाई करेंगे। जिंस अभी भी सस्ते नजर आ रहे हैं और इसी वजह से मैं खरीदारी पर विचार कर रहा हूं।

**आप कौन से जिंस और खरीदना चाहते हैं.. सोना, चांदी, तेल, धातु?**
मैंने चांदी व सोने में निवेश किया है और गिरावट पर और खरीदूंगा। मैं किसी और चीजों के मुकाबले कृषि से जुड़े शेयर व कृषि जिंसों की और खरीदारी करूंगा। खरीदारी की फंडामेंटल वजह भी है जो है इलेक्ट्रिक वाहन जो लीथियम, सीसा और तांबे की मांग बढ़ा सकता है।

**उभरते बाजार किस तरह के नजर आ रहे हैं?**
कुछ उभरते बाजारों के पास काफी जिंस, प्राकृतिक संसाधन हैं और उनका कर्ज कम है, जो तब लाभकारी होगा जब जिंसों की कीमतें बढ़नी शुरू होंगी। मेरे पास रूस के शेयर हैं और भूराजनीतिक संकट नरम पड़ने पर और खरीदारी करूंगा।

**भारत के बारे में क्या कहेंगे?**
भारतीय इक्विटी मजबूत रहे हैं और दुनिया भर में सबसे अच्छे शेयरों में शामिल हैं। मैं उन बाजारों में खरीद पसंद नहीं करता जो मजबूत हैं। मैं गिरावट पर भारतीय शेयर खरीदूंगा। आरबीआई ने पर्याप्त नकदी की आपूर्ति की है, ऐसे में भारतीय इक्विटी बाजार काफी मजबूत बने रह सकते हैं। अभी मेरे पास कोई भी भारतीय शेयर नहीं है।

**इक्विटी बाजार के निवेशकों को आपकी क्या सलाह होगी?**
जब भी बाजार बाहरी घटनाक्रम मसलन युद्ध से प्रभावित होते हैं तब सामान्य तौर पर खरीदारी का मौका बनता है। मैं जल्द ही खरीदारी शुरू करूंगा और जिंसों पर ध्यान दूंगा क्योंकि ये अभी सबसे सस्ती परिसंपत्तियां हैं। लेकिन आप वही खरीदें, जिसके बारे में आप जानते हों।

# कच्चा तेल 121 डॉलर पर पहुंचा एल्युमीनियम में भी शानदार तेजी

**एजेंसियां**
दुबई/लंदन/नई दिल्ली, 2 मार्च

**बुधवार को** तेल कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं। ओपेक+ देशों द्वारा अप्रैल में उत्पादन वृद्धि में नरमी लाने की अपनी योजनाओं पर कायम रहने के लिए सहमति जताए जाने की वजह से तेल कीमतों में तेजी दर्ज की गई है।

कच्चे तेल की कीमतें दिन के कारोबार में 121.89 डॉलर प्रति बैरल की ऊंचाई पर पहुंच गईं, जो 13 अप्रैल, 2012 के बाद से सर्वाधिक ऊंचा स्तर है। 13 अप्रैल 2012 को ये कीमतें 121.96 डॉलर पर थीं।

भारतीय समय अनुसार, शाम 8.21 बजे यह 111.5 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो 6.22 प्रतिशत तक की तेजी है।

डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 109.60 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जो 5.99 प्रतिशत तक की तेजी थी और यह आखिर में 111 डॉलर के आसपास बंद हुआ। भारत में एमसीएक्स क्रूड वायदा 21 मार्च डिलिवरी के लिए 8,274 डॉलर प्रति बैरल के सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।

रिस्क कंसल्टेंसी वेरिस्क मैपलक्रॉफ्ट में मुख्य एशियाई विश्लेषक काहो यू ने कहा, 'सीमित विविधीकृत विकल्पों की वजह से रूस के ऊर्जा निर्यात के लिए किसी तरह के व्यवधान से यूरोप में अन्य ऊर्जा संकट को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि अमेरिका ने वैश्विक तेल भंडार जारी किए जाने का आह्वान किया है, लेकिन तेल कीमतें तब तक 100 डॉलर से ऊपर बनी रह सकती हैं, जब तक बड़ी वैकल्पिक आपूर्ति बाजार में दर्ज नहीं की जाती।'



■ रूसी तेल निर्यात का वैश्विक आपूर्ति में करीब 8 प्रतिशत का योगदान है

रूसी तेल में कारोबार अव्यवस्थित था, क्योंकि उत्पादकों ने बिक्री टाल दी, आयातकों ने रूसी जहाजों को लौटा दिया और दुनियाभर के खरीदारों ने कच्चे तेल के लिए अन्य स्थानों की तलाश की, क्योंकि पश्चिमी प्रतिबंधों और निजी कंपनियों पर रूस-यूक्रेन मामले से दबाव का सामना करना पड़ा है। रूसी तेल निर्यात का वैश्विक आपूर्ति में करीब 8 प्रतिशत का योगदान है। एक्सन मोबिल ने मंगलवार को कहा कि वह यूक्रेन पर रूसी हमले की वजह से रूसी तेल एवं गैस परिचालन से बाहर निकलेगी। इस निर्णय से कंपनी रूस के सुदूर पूर्व में सखालिन द्वीप पर बड़े उत्पादन संयंत्रों को बंद करेगी।

इस बीच, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन, रूस और संबद्ध देशों की बुधवार को बैठक हुई है, जिसमें उनके द्वारा फिर से अपना मासिक उत्पादन प्रति दिन 400,000 बैरल तक बढ़ाए जाने की योजना पर चर्चा होने की बात कही जा रही है।

# एनएसई के खिलाफ आदेश कमजोर नहीं थे : अजय त्यागी

**समी मोडक**
मुंबई, 2 मार्च

**सेबी चेयरमैन** के पद से सेवानिवृत्त होने वाले अजय त्यागी ने बुधवार को कहा कि कोलोकेशन घोटाले में नैशनल स्टॉक एक्सचेंज व उससे जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ जारी आदेश कमजोर नहीं थे और नियामक ने सधा हुआ कदम उठाया था।

त्यागी ने कहा, साल 2017 में पद संभालने के बाद से मैंने जांच शुरू कर दी थी। कोलोकेशन मामला जटिल था। इसमें काफी तकनीक जुड़ी हुई थी। हमने कई आदेश जारी किए। इस पर कोई सवाल नहीं है कि ये आदेश कमजोर थे। हमने अब तक के सबसे बड़े जुर्माने में से एक आरोपित किया।



■ **त्यागी ने कहा, साल 2017 में पद संभालने के बाद से मैंने जांच शुरू कर दी थी। कोलोकेशन मामला जटिल था। इसमें काफी तकनीक जुड़ी हुई थी**

■ **उन्होंने कहा, हमने कई आदेश जारी किए। इस पर कोई सवाल नहीं है कि ये आदेश कमजोर थे**

■ **त्यागी ने कहा कि योगी का मामला सेबी के संज्ञान में तब आया जब कोलोकेशन मामले की जांच हो रही थी**

हाल में वित्त मंत्री ने एक अग्रणी वित्तीय अखबार से कहा था कि सरकार यह देख रही है कि क्या सेबी ने एनएसई के मामले में पर्याप्त उठाए थे या नहीं।

अप्रैल 2019 में सेबी ने एनएसई के कोलोकेशन मामले में कई आदेश जारी किए थे, जिसमें एनएसई पर 1,000 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है। ब्रोकिंग फर्म ओपीजी सिक्योरिटीज और वे2वेल्थ ब्रोकर्स से 15-15 करोड़ रुपये व ब्याज चुकाने को कहा गया था। एनएसई के पूर्व एमडी व सीईओ रवि नारायण व चित्रा रामकृष्णा को इस अवधि में मिले वेतन का 25 फीसदी जमा कराने को कहा गया था और पांच साल तक बाजार में प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई थी।

पिछले महीने सेबी ने गवर्नेंस की खामियां व पूर्व ग्रुप ऑपरेटिंग ऑफिसर आनंद सुब्रमण्यन की नियुक्ति में अनियमितता पर आदेश जारी किया था। इसने काफी हलचल पैदा की क्योंकि इसमें खुलासा हुआ कि रामकृष्णा गोपनीय सूचना एक योगी के साथ साझा कर रही थी।

त्यागी ने कहा कि योगी का मामला सेबी के संज्ञान में तब आया जब कोलोकेशन मामले की जांच हो रही थी। हमने मुख्य मामले पर पहले ध्यान केंद्रित किया। सार्वजनिक तौर पर जो भी सामने आया है वह सेबी की जांच पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बाजार नियामक ने इस मामले की जांच कर रही अन्य एजेंसियों को मदद दी है और सूचनाएं मुहैया कराया है और वे अपने नतीजों के आधार पर अपना आदेश जारी करने के लिए स्वतंत्र हैं। 1984 बैच के आईएएस अफसर ने कहा कि सेबी ने मार्च 2020 में महामारी के दौरान बाजार के संकट को ठीक संभाला और फ्रैंकलिन टेम्पलटन के म्युचुअल फंड संकट को भी संभाला और ये हमारे सबसे ज्यादा संतोषजनक उपलब्धियां हैं।

यह पूछे जाने पर कि सेबी को कहां सुधार की जरूरत है, इस पर उन्होंने कहा कि एन्फोर्समेंट में सुधार की दरकार है, जिससे जांच व एडजुडिकेशन शामिल है। बाजार के डेवलपमेंट पर त्यागी ने कहा कि बॉन्ड बाजार को और विकास की दरकार है।

उन्होंने कहा कि सरकार अहम हितधारक है और अहम फैसलों में उन्हें अपनी राय को शामिल करना जरूरी है। हालांकि उन्होंने सूचीबद्ध पीएसयू की तरफ से सूचीबद्धता के नियमन के गैर-अनुपालन पर निराशा जताई।

# ग्रोवर परिवार ने की कंपनी के पैसों की हेराफेरी

**पृष्ठ-1 का शेष**

**सूत्रों के** अनुसार कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के तहत निदेशक मंडल संस्थापक के शेयर की पुनर्खरीद बाजार मूल्य से कम भाव पर कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि बिग 4 फर्म के अनुसार संस्थापक द्वारा लापरवाही या जानबूझकर अनुचित व्यवहार किया। हालांकि इस फर्म का कंपनी के साथ कोई संबंध नहीं है, ऐसे में बोर्ड बिग 4 फर्म द्वारा साझा की गई रिपोर्ट के आधार पर साधारण बहुमत से निर्णय ले सकता है। सूत्रों के मुताबिक अगर संस्थापक बोर्ड की मंजूरी के बिना इस्तीफा देता है तो समझौते के अनुसार बोर्ड बहुलांश निवेशकों की सहमति से संस्थापकों के प्रतिबंधित शेयरों को उचित बाजार मूल्य से कम भाव पर खरीद सकता है। इसके साथ ही उनके इस्तीफे के बाद आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के तहत संस्थापक के सभी अधिकार खत्म हो जाते हैं।

ग्रोवर ने सोमवार को कंपनी के प्रबंध निदेशक और बोर्ड के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। कंपनी ने बाद में कहा था कि ग्रोवर का इस्तीफा बोर्ड की बैठक बुलाए जाने से कुछ मिनट पहले मिला था। बोर्ड ने बिग 4 अकाउंटिंग फर्म पीडब्ल्यूसी की ऑडिट रिपोर्ट पर विचार-विमर्श के लिए बैठक बुलाई थी। हालांकि बोर्ड बैठक मंगलवार देर रात हुई थी लेकिन कंपनी ने उसमें लिए गए निर्णय का खुलासा नहीं किया। यह भी नहीं बताया गया कि ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी या नहीं।

कंपनी द्वारा सार्वजनिक तौर पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाए जाने के बाद ग्रोवर ने कहा, 'मैं कंपनी के निहायत निजी किस्म के बयान से चकित हूं लेकिन कोई हैरानी नहीं हुई। इस बयान के पीछे निजी तौर पर नफरत और घटिया सोच है।' उन्होंने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि अमरचंद, पीडब्ल्यूसी और एऐंडएम में से कौन जीवनशैली का ऑडिट करने लगा है? विलासितापूर्ण जीवनशैली मेरा सपना है और इसे मैंने तमाम अड़चनों, मुश्किलों तथा उद्यमशीलता से हासिल किया है। मैं आशा करता हूं कि बोर्ड जल्द ही काम पर लौटेगा - शेयरधारक होने के नाते मैं कंपनी के मूल्यों में गिरावट को लेकर चिंतित हूं।

**हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सीआईएनः L74899DL1970GOI005276, जीएसटी सं.: 07AAACH0632A12F
पंजीकृत कार्यालय : हडको भवन, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003, दूरभाष: 011–24646899
ई–मेल : cswhudco@hudco.org, वेबसाइट : www.hudco.org.in
हडको

**पोस्टल बैलट की सूचना**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ('नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013, ('अधिनियम') की धारा 108, धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है तथा अधिनियम और नियमों के अन्य लागू प्रावधान, सामान्य परिपत्र संख्या 20/2021 दिनांक 8 दिसम्बर, 2021 परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और अन्य प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पठित, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र') द्वारा जारी सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, के विनियमन 44 आईसीएसआई द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानकों और अन्य लागू कानून, नियम और विनियमों (किसी भी सांविधिक संशोधन और/या समय–समय पर संशोधित के रूप में उसकी पुनः अधिनियमन), निम्न संलग्न प्रस्तावों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से 'पोस्टल बैलेट' के माध्यम से सदस्यों द्वारा पारित करने का प्रस्ताव है।

| क्र.सं. | संकल्पों का विवरण |
|---|---|
| 1. | श्री कुलदीप नारायण की नियुक्ति (डीआईएनः 03276525) अंशकालिक आधिकारिक (सरकारी नामित) निदेशक |
| 2. | डॉ. रवींद्र कुमार राय (डीआईएनः 09394495) गैर–सरकारी आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक |
| 3. | डॉ. सियाराम सिंह (डीआईएनः 09402727) गैर–सरकारी आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक |
| 4. | श्रीमती सबिथा बोजान (डीआईएनः 09398364) गैर–सरकारी आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक |
| 5. | श्री बंशी लाल गुजर (डीआईएनः 09462128) गैर–सरकारी आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक |

पोस्टल बैलेट नोटिस ('नोटिस') की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां व्याख्यात्मक विवरण के साथ शनिवार, 26 फरवरी, 2022 को सीडीएसएल द्वारा उन सदस्यों को भेजी गई हैं, जिनके ई–मेल आईडी अपने डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के मामले में) या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (भौतिक रूप में शेयरों के मामले में) के साथ पंजीकृत हैं। नोटिस कंपनी की वेबसाइट अर्थात **www.hudco.org.in**, स्टॉक एक्सचेंज (एस) की वेबसाइट अर्थात नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** और बीएसई लिमिटेड अर्थात **www.bseindia.com** एवं सीडीएसएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा, एमसीए परिपत्रों के अनुसार, नोटिस की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

कंपनी अधिनियम और सेबी विनियमों और एमसीए परिपत्रों के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी सभी पात्र सदस्यों जिनके नाम **23 फरवरी, 2022** ("कट–ऑफ तिथि") सदस्यों के रजिस्टर या लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, को सीडीएसएल के माध्यम से रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। कट–ऑफ तिथि को जिस व्यक्ति का नाम सदस्य रजिस्टिर में दर्ज नहीं हैं, उसके लिए यह केवल सूचना मात्र है।

रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया **मंगलवार, 1 मार्च, 2022** (सुबह 9:00 बजे भारतीय मानक समय) से शुरू होगी और **बुधवार, 30 मार्च, 2022 (5:00 बजे भारतीय मानक समय)** पर समाप्त होगी। इसके बाद सदस्यों को मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलेट नोटिस का हिस्सा बनने वाले ई–वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश देखें। यदि ई–वोटिंग प्रणाली से ई–वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप सहायता अनुभाग के तहत **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई–वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या एक ईमेल लिख सकते हैं। **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अथवा श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, सीडीएसएल से संपर्क करें अथवा **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल भेजें अथवा 022–23058542/43 पर कॉल करें।

मैसर्स हेमंत सिंह एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए संवीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। संकल्प, यदि अनुमोदित हो, तो ई–वोटिंग की अंतिम तिथि को पारित माना जाएगा, अर्थात 30 मार्च, 2022 को पोस्टल बैलेट के परिणाम स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ कंपनी द्वारा निर्धारित समय के भीतर घोषित किए जाएंगे और कंपनी, स्टॉक एक्सचेंजों और सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएगें।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, या अपनी ई–मेल आईडी बदलना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट/आरटीए के साथ इसे पंजीकृत करें/बदलें, ताकि सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त हो सकें।

किसी भी अन्य प्रश्न/शिकायत के लिए, सदस्य **श्री जे.के. सिंगला**, मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, कंपनी के आरटीए, ईमेलः rta@alankit.com, दूरभाषः 011–42541234 फैक्सः 011–42541201 से संपर्क कर सकते हैं।

**हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के लिए**
ह./–
**हरीश कुमार शर्मा**
**कंपनी सचिव**
**दिनांक:** 26 फरवरी, 2022
**स्थान:** नई दिल्ली

# बुरे समय में रक्षात्मक दांव पर करें विचार : विश्लेषक

**हर्षिता सिंह**
नई दिल्ली, 2 मार्च

**वैश्विक समस्याओं** के दौर का प्रभाव कैलेंडर वर्ष 2022 के शुरू से ही वैश्विक इक्विटी बाजारों पर बना हुआ है। रूस-यूक्रेन संकट के साथ, धारणा और ज्यादा कमजोर हो गई है, क्योंकि निवेशक आपूर्ति किल्लत की आशंका की वजह से बढ़ती जिंस कीमतों के बीच सतर्कता बरत रहे हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि बढ़ती अस्थिरता से घरेलू इक्विटी बाजार भी नहीं बच पाए हैं, जिनमें पिछले कुछ सप्ताहों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है और यह रुझान अल्पावधि में या भूराजनीतिक तनाव दूर नहीं होने तक बना रह सकता है।

विश्लेषकों का कहना है कि अस्थिरता को देखते हुए, आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर क्षेत्र के शेयरों का करें चयन

वैश्विक मोर्चे पर अनिश्चितताओं की तीव्रता को देखते हुए बाजारों में फरवरी में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स तथा निफ्टी-50 सूचकांक करीब 5 प्रतिशत गिर गए थे। एसीई इक्विटी के आंकड़े से पता चलता है कि तुलनात्मक तौर पर, प्रमुख सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई है और इस अवधि में मिडकैप तथा स्मॉलकैप में 6 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की कमजोरी आई है। साल में अब तक गिरावट काफी अधिक रही है।

अस्थिरता को देखते हुए, विश्लेषकों ने निवेशकों को सतर्कता के साथ शेयर चयन करने का सुझाव दिया है और आईटी, एफएमसीजी और हेल्थकेयर क्षेत्र में रक्षात्मक दांव पर ध्यान देने की सलाह दी है। उनका मानना है कि मौजूदा परिवेश में ये क्षेत्र निवेशकों के लिए सुरक्षित दांव साबित हो सकते हैं।

साल में अब तक (वाईटीडी) के आधार पर, बीएसई आईटी इंडेक्स 12 प्रतिशत गिरा है, जबकि बीएसई एफएमसीजी सूचकांक ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बीच, बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक में इस साल अब तक 11 प्रतिशत की गिरावट आई है। तुलनात्मक तौर पर, सेंसेक्स 4 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

आईडीबीआई कैपिटल के शोध प्रमुख ए के प्रभाकर का कहना है, 'रक्षात्मक शेयरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिहाज से यह अच्छी रणनीति है। निवेशक धीरे धीरे खरीदारी शुरू कर सकते हैं। फार्मास्युटिकल और एफएमसीजी शेयरों को खराब खबरों का सामना करना पड़ रहा है। जिंस कीमतों में भारी तेजी भी अब चर्चित है। एफएमसीजी शेयरों में गिरावट अगले कुछ दिनों में निवेश का अच्छा अवसर प्रदान कर सकती है।'

प्रमुख कच्चे माल की कीमतें पिछले कुछ सप्ताहों और महीनों में लगातार बढ़ी हैं। पाम और कच्चे तेल दोनों ने साल के ऊंचे स्तर छुए हैं और ये दिसंबर तिमाही के स्तरों से ऊपर हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि उत्पाद कीमतों में वृद्धि बरकरार रह सकती है, जिससे संभावित बिक्री वृद्धि में सुधार की रफ्तार में विलंब हो सकता है। जेफरीज के विश्लेषकों का मानना है कि इसके अलावा समय (उत्पादन लागत संबंधित मुद्रास्फीति बनाम उत्पाद कीमत वृद्धि) में असमानता का दबाव सकल मार्जिन पर पड़ेगा।

जेफरीज के विश्लेषकों ने एक ताजा रिपोर्ट में लिखा है, 'स्टैपल शेयरों में अपने 52 सप्ताह के ऊंचे स्तरों से 15-30 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं कुछ आय डाउनग्रेड दर्ज किए गए हैं और मूल्यांकन अभी भी कमजोर हैं जो मौजूदा अनुमानों के आधार पर कई कंपनियों के लिए पांच वर्षीय औसत के नजदीक हैं।' वहीं उन्होंने हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, गोदरेज कंज्यूमर, ब्रिटानिया, कोलगेट-पामोलिव, वरुण बेवरेज और इमामी के लिए खरीदारी रेटिंग बरकरार रखी है।

प्रभाकर ने एफएमसीजी सेक्टर में डाबर, एचयूएल और ब्रिटानिया, हेल्थकेयर श्रेणी में ग्लैंड फार्मा, बायोकॉन और सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, और आईटी क्षेत्र में जेनसार, विप्रो, और एचसीएल टेक्नोलॉजीज को पसंद किया है। इस बीच, एड्रॉयट फाइनैंशियल सर्विसेज के पोर्टफोलियो मैनेजर अमित कुमार गुप्ता हेल्थकेयर श्रेणी में अस्पताल कंपनियों पर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि ये कंपनियां मौजूदा समस्याओं और आगामी ब्याज दर वृद्धि से संबंधित चुनौतियों से अलग बनी रहेंगी।

**पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**
PETRONET LNG LIMITED
पंजीकृत कार्यालयः वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखंभा लेन, नई दिल्ली -110001, फोनः 011-23411411,
फैक्सः 011- 23472550, सीआईएनः L74899DL1998PLC093073, ईमेलः investors@petronetlng.in, कंपनी की वेबसाइटः www.petronetlng.in
पैनः AAACP8148D जीएसटीः 07AAACP8148D1Zl

**पोस्टल बैलेट की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी पोस्टल बैलेट की सूचना में वर्णित निदेशकों की नियुक्ति के लिए सदस्यों के अनुमोदन की मांग कर रही है।
व्याख्यात्मक विवरण और ई-वोटिंग के निर्देशों के साथ विस्तृत पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.petronetlng.in, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड https://www.bseindia.com/ और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड https://www.nseindia.com और ई-वोटिंग एजेंसी यानी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध हैं।
पोस्टल बैलेट कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, ('नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसार होगा।
कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021 और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अन्य प्रासंगिक परिपत्रों और अधिसूचनाओं (बाद में सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के माध्यम से कंपनियों को केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस भेजकर पोस्टल बैलट का संचालन करने की अनुमति दी है।
जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि यदि शेयर डीमैटरियलाइज्ड मोड में हैं तो वे अपने ई-मेल को संबंधित डिपोजिटरी में पंजीकृत कराएं, या भौतिक माध्यम में धारित शेयरों के मामले में, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए''), बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत कराएं। ई-मेल के सफल पंजीकरण के बाद, सदस्य इस पोस्टल बैलेट के लिए investor@bigshareonline.com पर ईमेल भेजकर पोस्टल बैलट नोटिस और ई-वोटिंग की प्रक्रिया प्राप्त करने का अनुरोध कर सकते हैं।
पोस्टल बैलेट नोटिस और ई-वोटिंग निर्देश यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेजे गए हैं जिनके ईमेल पते कंपनी/आरटीए/संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम 25 फरवरी, 2022 (''कट-ऑफ तिथि'') तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं। ईमेल प्रक्रिया 28 फरवरी, 2022 को पूरी कर ली गई है।
कंपनी ने अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 4 मार्च 2022 को सुबह 9:00 बजे (भा.मा.स.) से शुरू होगी और शनिवार, 2 अप्रैल 2022 को शाम 5:00 बजे (भा.मा.स.) पर समाप्त होगी। उसके बाद ई-वोटिंग मॉड्यूल सीडीएसएल द्वारा अक्षम कर दिया जाएगा। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तारीख यानी 25 फरवरी, 2022 को कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा रखे गए शेयरों के अनुपात में होंगे। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से होगा। केवल वे सदस्य जिनके नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तारीख तक दर्ज किए गए हैं, वे रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के हकदार होंगे। सदस्य द्वारा एक बार वोट डालने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई -400013 को संबोधित किया जा सकता है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करें या 022-23058542/43 पर कॉल करें।
कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, दिल्ली (सी.पी. नं. 5910 और फर्म पंजीकरण नंबरः P2003DE049100) को पोस्टल बैलेट प्रक्रिया का संचालन करने वाले स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।
पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान का परिणाम मंगलवार, 5 अप्रैल, 2022 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा और यह परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.petronetlng.in पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों बीएसई लिमिटेड https://www.bseindia.com/ और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड https://www.nseindia.com/ पर, सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com और पंजीकृत कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध होगा।

**सदस्यों से सामान्य अपील**

• हम पर्यावरण में अपना योगदान देने के हमारे प्रयास में आपके बहुमूल्य सहयोग और समर्थन की याचना करते हैं। हम सदस्यों से कंपनी से संचार प्राप्त करने के लिए अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) (यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक मोड में हैं) या आरटीए/कंपनी (यदि शेयर भौतिक मोड में हैं) के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट करने की अपील करते हैं।
• कंपनी के सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (एनएसीएच) सुविधा का लाभ उठायें, अर्थात बैंक खाते में लाभांश राशि को सीधे क्रेडिट करने के लिए वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) (यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक मोड में रखे गए हैं) या आरटीए/कंपनी (यदि शेयर भौतिक मोड में हैं) के साथ बैंक विवरण अपडेट करें।
• एनएसई के परिपत्र सं. एनएसई/सीएमएल/2018/38 दिनांक 03 दिसंबर,2018 और बीएसई परिपत्र संख्या लिस्ट/कॉम्प/31/2018-19 दिनांक 03, दिसम्बर, 2018 (1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी), के अनुसरण में आरटीए और कंपनी भौतिक रूप में शेयरों के हस्तांतरण के किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं करेगी। इसके अलावा, सेबी के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2022/8 दिनांक 25 जनवरी, 2022 के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियां अब से केवल डुप्लीकेट प्रतिभूति प्रमाणपत्र को जारी करने के लिए, दावा न किए गए उचंत खाते से दावा, प्रतिभूतियों के प्रमाणपत्र का नवीनीकरण/विनिमय, प्रतिभूति प्रमाणपत्र के पृष्ठांकन, उप-विभाजन/विभाजन, प्रतिभूति प्रमाणपत्रों/फोलियो का समेकन, पारेषण और स्थानान्तरण उद्देश्य से सेवा अनुरोधों को संसाधित करते समय डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियों को जारी करेंगी। तदनुसार, भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी धारिता को अभौतिक रूप में परिवर्तित करवा लें।
• भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे नोट करें कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 दिनांक 3 नवम्बर, 2021 के परिपत्र द्वारा पैन, केवाईसी विवरण, जिसमें पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल पता, बैंक खाता विवरण और नामांकन विवरण शामिल हैं, को कंपनी/आरटीए के साथ अद्यतन करना अनिवार्य कर दिया है। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने उपरोक्त विवरण पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे इसे कंपनी/आरटीए के साथ जल्द से जल्द पंजीकृत कराएं।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**
**(राजन कपूर)**
**कंपनी सचिव**
**स्थानः** नई दिल्ली
**दिनांकः** 1 मार्च, 2022